तापमान

अधिकतम 43 .0 डिग्री

न्यूनतम 23 .0 डिग्री

हरिभूमि

# सोनीपत भूमि

रोहतक, मंगलवार, 7 मई 2024



11 शांतिपूर्वक मतदान करने की अपील की





12 छात्रों को आग से बचाव के दिए टिप्स




## खबर संक्षेप

### भिगान टोल के पास शराब की खेप बरामद

**गन्नौर।** थाना मुरथल पुलिस ने भिगान टोल के पास अवैध शराब सहित एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सागर दिल्ली में पालम कालोनी का रहने वाला है। जानकारी अनुसार मुरथल थाना पुलिस की टीम मुरथल अड्डा पर गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने गुप्त सूचना पर भिगान टोल प्लाजा के पास से एक छोटा हाथी को रुकवा कर उसकी तलाशी ली तो उसमें से देशी शराब मार्का संतरा की 180 पेटी मिली। जिनमें 2 लाख 25 हजार रुपये की कीमत के कुल 2250 पव्वे बरामद हुए। पुलिस ने शराब की पेटियों व छोटा हाथी को जब्त कर लिया। कार चालक ने अपना नाम सागर निवासी पालम कालोनी दिल्ली बताया।

### ट्रैक्टर दिलवाने का झांसा देकर ठगी

**गन्नौर।** पुलिस में होने का झांसा देकर एक व्यक्ति ने पेट्रोल पंप पर नौकरी करने वाले बुजुर्ग से करीब 1 लाख 20 हजार रुपये ठग लिए। पीड़ित ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में चिरस्मी गांव के जसबीर ने बताया कि वह जय भारत पेट्रोल पंप पर नौकरी करता है। जय भारत पंप पर सतनारायण उर्फ सत्यवान निवासी गांव कासंडी पुलिस की वर्दी में आया। उसने अपना पुलिस का आई कार्ड भी दिखाया। सतनारायण ने उसे पुलिस द्वारा पकड़ा हुआ ट्रैक्टर सस्ते दाम में दिलवाने का झांसा दिया। सतनारायण की बातों में आ उसने खाते में व उसके दोस्त दीपक के गूगल पे पर 1 लाख 20 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। कुछ रुपये उसने दूसरे के खाते से भी ट्रांसफर कर दिए। जब उसने अपने रुपये मांगे तो सतनारायाण ने उसे पुलिस की धमकी दी। जब उसने अपने स्तर पर पता किया तो सतनारायण पुलिस में नहीं पाया गया। अब रुपये मांगने पर सतनारायण उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** सदर थाना सोनीपत पुलिस ने नाबालिग लड़की का अपहरण कर दुष्कर्म करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित रवि निवासी कामी का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। एक महिला ने गत 5 अप्रैल को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसका पति बीमार हो गया। वह अपने पति को लेकर रोहतक पीजीआई ले गई। घर वापिस पहुंचे तो उसकी नाबालिग लड़की नहीं मिली। अपने स्तर पर उसने अपनी बेटी की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। बाद में पता चला की आरोपी उसे साथ लेकर गया था।

## लोकसभा का रण : सोमवार को अंतिम दिन 18 ने किया नामांकन

# जमीन-जायदाद और पढ़ाई में नहीं है कमलेश का मुकाबला

### भाजपा, कांग्रेस, जजपा और इनेलो प्रत्याशियों से भी अधिक संपति के मालिक आजाद प्रत्याशी कमलेश सैनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

लोकसभा चुनावों के लिये जारी नामांकन के दौर में सोमवार को आखिरी दिन कुल 18 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किए हैं, जिसके बाद कुल 34 उम्मीदवार तय होंगे, हालांकि इनमें से 5 कवरिंग कैंडिडेट हैं। इस तरह से 29 प्रत्याशी मैदान में बचते हैं, हो सकता है कि इनमें से कुछ नामांकन वापसी की तारीख तक नामांकन वापस ले लें। लेकिन अभी तक मिले प्रत्याशियों में सबसे अधिक सम्पत्ति के मालिक आजाद प्रत्याशी कमलेश कुमार सैनी मिले हैं। 30 करोड़ रुपये से अधिक की जायदाद के मालिक कमलेश दंपत्ति के पास 93 लाख रुपये से अधिक की चल संपत्ति भी है। इतना ही नहीं कमलेश सबसे अधिक पढ़े-लिखे प्रत्याशी भी हैं। इलेक्ट्रोनिक्स में पीएचडी कर चुके कमलेश से अधिक पढ़ा-लिखा कोई भी प्रत्याशी नहीं है। प्रत्याशियों द्वारा घोषित की गई आय के अनुसार प्रमुख पार्टियों के प्रत्याशियों में से मोहन लाल बड़ौली के पास सबसे अधिक जायदाद है। बड़ौली इस सूची में कमलेश के बाद दूसरे नंबर पर आते हैं।

#### चल संपति की कुल कीमत 93 लाख रुपये से अधिक

आजाद प्रत्याशी के तौर पर नामांकन जमा करवाने वाले कमलेश कुमार सैनी करोड़पति हैं। मुरथल स्थित डीक्रस्ट यूनिवर्सिटी में रहने वाले कमलेश कुमार सैनी की वार्षिक आय 20.77 लाख है, जबकि उनकी पत्नी संजू सैनी की वार्षिक आय 16.11 लाख रुपये है। 70 हजार रुपये उनके तो 50 हजार रुपये उनकी पत्नी के पास नगद हैं। विभिन्न बैंक खातों में लाखों रुपये जमा होने के साथ-साथ 50 लाख रुपये से अधिक के म्यूचुअल फंड और शेयर के तौर पर हैं। इसके अलावा 7.75 लाख रुपये के सेविंग पॉलिसी उनकी तो 8.20 लाख की उनकी पत्नी के नाम पर है। 24 लाख कीमत की तीन गाडियां रखने वाले कमलेश कुमार सैनी के पास 150 ग्राम सोना है, जिसकी कीमत 10.50 लाख रुपये है। उनकी पत्नी के पास 300 ग्राम सोना है, जिसकी कीमत 21 लाख रुपये बताई गई है। इस तरह से कमलेश और संजू की चल संपत्ति की कुल कीमत 93 लाख रुपये से अधिक की है। दोनों के पास अचल संपत्ति के तौर पर 30.80 करोड़ की जमीन-जायदाद है। 1.25 करोड़ रुपये की देनदारी कमलेश कुमार पर है तो 60 लाख की उनकी पत्नी पर। 2003 में इलेक्ट्रोनिक्स में पीएचडी कर चुके कमलेश कुमार सरकारी नौकरी से रिटायर होने के बाद प्राइवेट जॉब कर रहे हैं, जबकि उनकी पत्नी की सरकारी नौकरी है।

**आय शून्य, नगद 1 लाख रुपये हैं पास :** राष्ट्रीय गरीब दल के प्रत्याशी सुनील कुमार की वार्षिक आय शून्य बताई गई है। हालांकि उनके पास 1 लाख रुपये नकद हैं और बैंक खातों में 3.68 लाख रुपये हैं। इसके अलावा 80 हजार रुपये कीमत की 1 किलो चांदी और 5 लाख रुपये कीमत का 100 ग्राम सोना भी सुनील के पास है। पेशे से मजदूरी और ऑनलाइन कंम्पयूटर पर काम करने वाले सुनील कुमार पर 1.16 लाख का लोन भी है। चल संपत्ति की कुल कीमत 10 लाख 48 हजार 35 रुपये बताई गई है।

#### ऐसे चला नामांकन का दौर

29 अप्रैल से शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन कुल 3 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किए थे। नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन यानि 30 अप्रैल को एक उम्मीदवार ने अपना नामांकन दाखिल किया। तीसरे दिन 1 मई को केवल 1 नामांकन प्राप्त हुआ था, वहीं चौथे दिन 2 मई को भी 1 नामांकन मिला वो भी कवरिंग कैंडिडेट का था। पांचवें दिन 3 मई को एक कवरिंग प्रत्याशी सहित कुल पांच उम्मीदवारों ने अपने नामांकन दाखिल करवाए थे। 5 मई को रविवार होने के चलते अवकाश रहा, वहीं 6 मई यानि की नामांकन जमा करवाने के अंतिम दिन 18 ने नामांकन जमा करवाए हैं। इस तरह से नामांकन जमा करवाने वालों का कुल आंकड़ा 34 पर पहुंच गया है, जिसमें 5 कवरिंग कैंडिडेट शामिल हैं।

#### प्रमुख पार्टियों के प्रत्याशियों की संपति का ब्योरा

**मोहन लाल बड़ौली :** भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल और उनकी पत्नी की चल संपति की कुल कीमत 10.45 करोड़ रुपये है। वहीं अचल संपति के तौर पर 5.85 करोड़ रुपये की जायदाद है। वहीं विधानसभा के 56 लाख सहित कुल 7.16 करोड़ रुपये का लोन भी है।

**अनूप सिंह :** इनेलो प्रत्याशी अनूप सिंह की चल संपति की कुल कीमत 26,30,524 वहीं उनकी पत्नी की चल संपत्ति की कुल कीमत 21,36,286 रुपये है। अचल संपति के तौर पर अनूप सिंह के पास 5 करोड़ तो उनकी पत्नी के पास 3.70 करोड़ रुपये की जायदाद है।

**भूपेंद्र मलिक :** जजपा प्रत्याशी चल संपति की कुल कीमत 76 लाख रुपये से अधिक है। अचल संपति के तौर पर भूपेंद्र सिंह और उन पर आश्रितों के पास कुल मिलाकर 6.76 करोड़ रुपये की जायदाद है। भूपेंद्र मलिक और उनकी पत्नी पर 39 लाख रुपये की देनदारी है।

**सतपाल ब्रह्मचारी :** कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी के पास चल संपति के तौर पर कुल 20.73 लाख रुपये की संपति हैं। वहीं अचल संपति के तौर पर 43 लाख 98 हजार 755 रुपये की जायदाद है।

#### 34 उम्मीदवार मैदान में, 5 कवरिंग प्रत्याशी

**सोनीपत।** लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत सोनीपत संसदीय क्षेत्र के लिए नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया के अंतर्गत नामांकन के अंतिम दिन सोमवार को 18 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। नामांकन पत्र दाखिल करने वालों में राष्ट्रीय गरीब दल से सुनील कुमार, आम आदमी परिवर्तन पार्टी से नरेश कश्यप, समता पार्टी से राकेश दहिया, राष्ट्रीय समाज दल आर से वीर सैन, फौजी जनता पार्टी से संतोष, आजाद उम्मीदवार के तौर पर डॉ. कमलेश कुमार सैनी, अमित, रोहताश, सुमित, सुरेन्द्र, दीपक, नरेन्द्र कुमार, निर्मल सिंह, सतपाल, रमेश कुमार खत्री व संजय दास ने अपना नामांकन दाखिल किया। वहीं जननायक जनता पार्टी के प्रत्याशी कवरिंग प्रत्याशी के तौर पर साहिल मलिक तथा इनेलो के कवरिंग प्रत्याशी के तौर पर मंजू ने अपना नामांकन जमा करवाया। प्रत्याशियों के नामांकन की जांच 7 मई को होगी वहीं नामांकन वापिस लेने की तिथि 9 मई है। मतदान 25 मई 2024 को होगा और 4 जून को मतों की गणना होगी। नामांकन दाखिल करने वाले प्रत्याशियों ने सभी प्रक्रियाओं को पूरा करते हुए सोनीपत लोकसभा के रिटर्निंग अधिकारी एवं सोनीपत के उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार के समक्ष संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ भी ली।

## पहले मिलकर शराब पी, फिर भाई को छत से नीचे फेंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना





■ माहरा में वारदात के बाद आरोपित फरार, पुलिस ने केस दर्ज किया

गांव माहरा में एक ग्रामीण ने अपने चचेरे भाई को छत से फेंककर कर हत्या कर दी। आरोपित वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया। मृतक के भाई की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज किया गया। पोस्टमार्टम करवाकर शव स्वजन को सौंप दिया गया।

#### हत्या का केस

गांव माहरा के जय कंवार ने पुलिस को बताया कि उसका बड़ा भाई राज कुमार उर्फ राजा गांव में फास्ट फूड की रेहड़ी लगाता था। रविवार देर रात को उसका भाई चाचा ओमप्रकाश के घर पर चला गया। वहां पर चचेरे भाई अशोक उर्फ शौकी और श्याम भी आ गए थे। तीनों ओमप्रकाश के मकान की छत पर बैठे थे। अशोक ने बच्चों को लेकर कुछ टिप्पणी की। इस पर उसके भाई और अशोक में बहस हो गई। अशोक ने आवेश में आकर रात लगभग दो बजे उसके भाई को उठाकर छत से फेंक दिया, जिससे उसे गंभीर चोटें लगी। इस बारे में स्वजन को पता चला तो वे राज कुमार को उठाकर नागरिक अस्पताल गोहाना लेकर पहुंचे। वहां पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। बरोदा थाना के अंतर्गत भैंसवान पुलिस चौकी से सहायक उप निरीक्षक संजय कुमार सूचना मिलने पर पुलिस टीम के साथ अस्पताल पहुंचे। इसके बाद पुलिस और एफएसएल की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। जय कंवार की शिकायत पर अशोक के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज किया गया। अशोक वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि राज कुमार, अशोक और श्याम देर रात तक शराब पीते रहे। इसी दौरान उनमें बहस हुई, जिसके बाद अशोक ने वारदात को अंजाम दिया।

## टीडीआई किंग्सबरी में सैर के लिए निकली महिला की चेन झपटी

**सोनीपत।** कुंडली स्थित टीडीआई किंग्सबरी से क्लब रोड पर घूमने निकली महिला के गले से बाइक सवार झपटमार सोने की चेन झपट ले गए। पीड़िता ने मामले की शिकायत कुंडली थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर झपटमारों की तलाश शुरू कर दी है। इसके लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाले जा रहे है। ताकि बाइक सवार बदमाशों का कोई सुराग हाथ लग सके।

टीडीआई किंग्सबरी निवासी ममता ने बताया कि वह रविवार को टीडीआई से क्लब रोड पर घूमने निकली थीं। इसी दौरान बाइक पर दो युवक आए। जब तक वह कुछ समझ पाती झपटमार ने उनके गले से ढाई तोले की सोने की चेन झपट ली। उसके बाद वह भाग निकले। उन्होंने शोर भी मचाया, लेकिन उन्हें पकड़ा नहीं जा सका। जिस पर कुंडली थाना पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई संदीप कुमार ने बताया कि क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द बदमाशों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## गैस लाइटर फैक्ट्री में आग भड़की, दो गाड़ियां जली

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर



धतूरी रोड स्थित भारत सनलाइट फैक्ट्री में सोमवार की शाम को अचानक आग लग गई। फैक्ट्री में गैस लाइटर बनाने का काम किया जाता था। देखते ही देखते आग की लपटे इतनी तेज फैल गई कि पूरी फैक्ट्री आग ने चपेट में ले लिया। आग लगने की वजह से आसमान में कई फीट ऊपर तक आग के साथ धुंए का गुबार बन गया। आग की सूचना पर अग्निशमन गाड़ियों को मौके पर बुलाया गया। सूचना के बाद बड़ी औद्योगिक क्षेत्र व गन्नौर दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंची, लेकिन आग इतनी तेजी से फैल रही थी कि उसने फैक्ट्री में खड़ी एक कार व सामान से लोड टैंपो को भी अपनी चपेट में ले लिया। जिसके बाद कुंडली व सोनीपत से भी दमकल गाड़ियों को मौके पर बुलाना पड़ा। करीब 8 दमकल गाड़ियां आग बूझाने में जुटी रही, लेकिन इसके बावजूद भी कई घंटों तक भी फैक्ट्री में आग पर पूरी तरह से काबू नहीं पाया जा सका। फैक्ट्री में आग के कारणों का पता नहीं चल सका है।

#### पुलिस बल तैनात

आगजनी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा के दृष्टिगत मुरथल थाना प्रभारी जसपाल पुलिस बल के साथ मौके पहंच गए। उन्होंने मौके पर मौजूद लोगों को सड़क से हटाया ताकि वह किसी तरह की घटना का शिकार होने से बच सके।

#### जेसीबी की मदद से तोड़ी दीवारें

फैक्ट्री में लगी आग पर काबू पाने के लिए ग्रामीणों ने जेसीबी को भी मौके पर बुलाया। जेसीबी की मदद से फैक्ट्री की दीवारों को तोड़ दिया गया। जिसके बाद दमकल गाड़ियों के द्वारा फैक्ट्री के अंदर पानी की बौछारें मारी गई। देर शाम तक आग की लपटें शांत नहीं हुई। दमकल गाड़ियां लगातार फैक्ट्री में लगी आग पर काबू पाने का द्व प्रयास कर रही हैं।

## भाई के हत्यारोपित को जेल भेजा

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना सोनीपत क्षेत्र में मोबाइल को लेकर हुए झगड़े में भाई को डंडों से पीट-पीटकर मौत के घाट उतारने के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। झगड़े से पहले दोनों ने बैठकर शराब पी। उसके बाद दोनों में झगड़ा हो गया गांव फाजिलपुर निवासी कप्तान सिंह ने 5 मई को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उनके गांव के सामने खेत है। जहां पर सेक्टर-2 बसाया जाना है। फिलहाल वह जमीन पर खुद की किसानी करते है। उनके खेत में ट्यूबवेल के कमरे पर मूलरूप से बिहार के जिला सहरसा के गांव पहारपुर निवासी गुलशन, उनका भाई पवन व विपिन रहते थे। उनका कहना है कि वह रविवार सुबह आठ बजे खेत में पहुंचे तो ट्यूबवेल के पास गुलशन का शव पड़ा था। वहां पर उसका बड़ा भाई विपिन मौजूद था। विपिन से जब उसने उसके भाई गुलशन के बारे में पूछा तो उसने बताया कि तीनों भाइयों ने रात को शराब पी थी। जिसके बाद पवन दूसरी झोपड़ी में सोने के लिए चला गया देर रात जब उसे अपना मोबाइल नहीं मिला तो उसने गुलशन को उसका मोबाइल देने को कहा। उसने मोबाइल देने से मना कर दिया। जिसपर उसने डंडों से पीटकर उसकी हत्या कर दी।



आरोपित से पूछताछ करते पुलिस कर्मचारी।

## धड़ल्ले से जलाएं जा रहे फसलों के अवशेष सैटेलाइट से मिली 80 जगह की लोकेशन

### पिछले साल 147 जगह पराली जलने की रिपोर्ट मिली थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

■ कृषि अधिकारियों की टीमें कर रही खेतों में जाकर निरीक्षण

जिले में फसल अवशेषों में आगजनी की घटनाएं रूकने का नाम नहीं ले रही है। लोग धड़ल्ले से खेतों में फसल उठाने के बाद बचे अवशेषों को जला रहे है। वहीं विभाग की तरफ से सैटेलाइट से नजर रखने का दावा किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार गत रविवार को सैटेलाइट के माध्यम से जिले में आगजनी की 31 लोकेशन सामने आई थी, वहीं सोमवार को भी कृषि विभाग के पास 5 लोकेशन आगजनी की सैटेलाइट के माध्यम से पहुंची। कृषि विभाग ने लोकेशन वैरिफाई करने के लिए टीमों का गठन किया है। साथ ही आगजनी की घटनाओं को लेकर लोगों को जागरूक करने काम विभाग की तरफ से किया जा रहा है।

बता दें कि जिले में रबी सीजन के दौरान किसानों ने 1 लाख 50 हजार हैक्टेयर भूमि में गेहूं की बिजाई की थी। मौजूदा समय में जिले के अधिकतर क्षेत्रों में गेहूं की कटाई और कढ़ाई का काम पूरा किया जा चुका है। परन्तु जागरूकता के बावजूद फसल अवशेषों में आगजनी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। जिसके कारण भूमि की सेहत पर भी असर पड़ रहा है। वहीं सडकों किनारे खेतों में लगी आग अब वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बन गई है।



**सोनीपत।** खेत में बचे अवशेषों में लगाई गई आग।

#### धुएं से राहगीर परेशान

जिले के गांव करेवड़ी-खानपुर सड़क मार्ग, गांव चिटाना-जुआं सड़क मार्ग पर खेतों में धुआं ही धुआ उठता दिखाई दिया। लोगों ने फसल अवशेषों में अग लगा रखी थी। जिसके चलते चारों तरफ धुआं की धुआं दिखाई दे रहा था। खेतों से लगते सड़क मार्गो से गूजरने वाले वाहन चालकों को परेशानी का सामना करने पर मजबूर होना पड़ा। वही काफी मात्र में आगजनी की घटनाओं की वजह से पेड़-पौध जल गई। वहीं काफी संख्या में जीव-जंतु भी आग की चपेट में आ गए। मिली जानकारी के अनुसार गत वर्ष रबी सीजन के दौरान सैटेलाइट की तरफ से फसल अवशेषों में आगजनी की 147 लोकेशन कृषि विभाग को भेजी गई थी। जिसके बाद विभाग ने भौतिक सत्यापन करके पांच किसानों के खिलाफ जुर्माना किया था। वहीं इस वर्ष अब तक 80 से अधिक लोकेशन सामने आ चुकी है। जिनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए 2 किसोनों पर जुर्माना लगाया गया है। गर्मी अधिक और तेज हवाएं चलने की वजह से कृषि विभाग के लिए पता चलाना बेहद मुश्किल हो रहा है कि आग की शुरूआत कहां से हुई है। मौजूदा समय में एक बार आग लगने के बाद 100 से 150 एकड़ तक आग फैल रही है।

#### शॉट सर्किट भी कारण

अलग-अलग स्थानों से आगजनी की घटनाओं की लोकेशन विभाग को मिली है। अधिकतर घटनाओं में शॉट सर्किट की वजह से लगी आग लगना बड़ा कारण बना हुआ है। इसलिए किसानों पर जुर्माना लगाना उचित नही है। अब तक दो किसानों पर जुर्माना किया जा चुका है। किसानों का आह्वान है कि फसल अवशेषों में आग न लगाए। इससे भूमि की उर्वरा शक्ति प्रभावित होती है। जिसक असर आगामी खेती में पड़ता है।

**डा. पवन शर्मा**, जिला कृषि अधिकारी

## नाबालिग पश्चिम यमुना लिंक नहर में डूबा, गोताखोर कर रहे तलाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

बलीकुतुबपुर गांव के पास पैर फिसलने से 15 वर्षीय रमन पश्चिम यमुना लिंक दिल्ली ब्रांच नहर में डूब गया। सूचना के बाद आईआर भौंडसी व एनडीआरएस की टीम के अलावा सिविल प्रशासन के गोताखोर मौके पर पहुंचे, लेकिन उसका कहीं सुराग नहीं लगा। गोताखोरों ने करीब 15 किलोमीटर से भी अधिक नहर में डूबे रमन की तलाश की, लेकिन दिल्ली ब्रांच काफी गहरी होने के कारण कुछ पता नहीं चल पाया है।

#### विधायक मौके पर पहुंचीं

सूचना मिलने के बाद गन्नौर विधायक निर्मल चौधरी, एसडीएम डा. निर्मल नागर भी मौके पर पहुंचे। विधायक ने अधिकारियों से सर्च अभियान को और तेज करने के निर्देश दिए और रमन के स्वजन से बातचीत उनका ढांढस बंधाया। गत रविवार को बलीकुतुबपुर गांव का रमन अपने दोस्तों के साथ घर से सुबह दौड़ लगाने के लिए गया था।



**गन्नौर।** मौके पर पहुंचीं विधायक व प्रशासन के अधिकारी।

#### पैर फिसला

किशोर रमन दौड़ लगाने के बाद सरढ़ाणा पुल के पास नहर में हाथ पाव धोने लगा। इस दौरान उसका पैर फिसल गया और वह नहर में डूब गया। उसी दौरान उसके साथियों ने बचाव के लिए शोर भी मचाया, लेकिन कोई व्यक्ति नही मिला। उसके बाद रमन के दोस्त खुबडू चौकी में गए और पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना के बाद चौकी प्रभारी सुलतान सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और गोताखोरों को बुला कर रमन को ढूंढने का प्रयास किया, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। सोमवार को भी रमन का सर्च अभियान जारी रहा।



मातृ दिवस, 12 मई
विशेष

मां मनुष्य के होंठों पर सबसे सुंदर शब्द है।
-खलील जिब्रान

रोहतक,मंगलवार
7 मई 2024

# हरिभूमि सहेली



## अनुभूति

## जीवन की डगर पर मां की सीखें



बच्चों की प्रथम पाठशाला परिवार को माना जाता है। इस पाठशाला की प्रथम अध्यापिका मां होती है, जिसकी देख-रेख में बच्चे जीवन की वो सीखें लेते हैं, जो जीवन को सही ढंग से जीने के लिए जरूरी हैं। यहां अपने-अपने क्षेत्र की तीन हस्तियां सहेली को बता रही हैं, इन्होंने अपनी मां से कौन-सी ऐसी बातें सीखीं, जो जीवन के लिए जरूरी सबक हैं।

### काम के साथ घर का ख्याल रखना मां से सीखा

**अपरा मेहता, अभिनेत्री**



**मेरी मां** मंदाकिनी मेहता सुशिक्षित और आधुनिक विचारों वाली महिला थीं। मैं उनकी इकलौती संतान हूं, फिर भी उन्होंने मुझे बहुत ही अनुशासन में रखा। अधिक लाड़-प्यार देकर उन्होंने मुझे बिगड़ने नहीं दिया। मेरी मां पढ़ाई के साथ स्कूल की हर एक्टिविटी में हमेशा मुझे सबसे आगे रखती थीं। मां खुद भी थिएटर आर्टिस्ट थीं, लेकिन शादी के बाद जब मेरी बेटी का जन्म हुआ तो उसकी देखभाल के लिए उन्होंने अपना काम छोड़ दिया, क्योंकि अभिनय के क्षेत्र में वह मुझे आगे बढ़ते देखना चाहती थीं। मेरे करियर के लिए उन्होंने अपना करियर दांव पर लगा दिया। बचपन में जब मां मेरे साथ सख्ती भरा व्यवहार करती थीं, मुझे बहुत बुरा लगता था, लेकिन अब समझ में आता है कि आज मैं जो कुछ भी हूं, वह उनके कारण ही हूं। बचपन में मैं क्लास में हमेशा फर्स्ट आती थी, वह मेरी तारीफ नहीं करती थीं। उनका कहना था कि अपने बच्चे की प्रशंसा तो सभी करते हैं, असली उपलब्धि तो तब है, जब दूसरे लोग हमारे बच्चे की तारीफ करें। मेरी मां ने मेरी परवरिश इस तरह से की कि मैं एक नेक इंसान बनूं। जब मेरे पिता जी का निधन हो गया तो उसके बाद मैंने उन्हें हमेशा के लिए अपने पास बुला लिया ताकि मैं उनकी अच्छी तरह देखभाल कर सकूं। मेरी बेटी खुशाली को भी उन्होंने बहुत अच्छे संस्कार दिए हैं। मेरी मां बहुत अच्छी होममेकर थीं, घर को बहुत सजा-संवार कर रखती थीं। काम के साथ घर का ख्याल रखना मैंने उनसे ही सीखा है। मुझे याद है, जब भी मैं अनावश्यक शॉपिंग करती तो वो मुझे बहुत डांटती थीं। मुझे हमेशा सोच-समझकर खर्च करने के लिए प्रेरित करती थीं। दो साल पहले 91 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया। मदर्स-डे के अवसर पर मैं उन्हें याद करते हुए यही कहना चाहूंगी कि अपनी बेटी के लिए मैं भी वैसी ही मां बनने की कोशिश कर रही हूं, जैसी वह एक आदर्श मां थीं।

बच्चों के लिए मां सिर्फ एक शब्द नहीं, उनका अनोखा-प्यारा संसार है। मां की अंगुली पकड़कर बच्चे चलना-बोलना और जीवन जीने की कला सीखते हैं। मां अनुभूतियों का ऐसा समंदर है, जिसकी गहराई में बच्चे मानवीय मूल्यों से जुड़ते हैं, रिश्ते निभाना सीखते हैं। मां का ममत्व वो शीतल छांव है, जिसके तले आकर बच्चे तपते सूरज की तपिश भूल जाते हैं। मां के बिना जीवन अधूरा है। मां है तो जीवन रोशन है। मां की महिमा अपरंपार है।

आवरण कथा / डॉ. मोनिका शर्मा

## मां अनुभूतियों में रचा-बसा रिश्ता

हर बच्चे के लिए स्नेह और सुकून की प्यारी छांव-सी होती है- मां। बच्चे के दुनिया में आने से पहले उसका मां से जुड़ जाने वाला रिश्ता सचमुच अनमोल होता है। मानवीय जीवन को पालने-पोसने की इस यात्रा में एक मां अपने बच्चे के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर देती है। यह रिश्ता मन की अनुभूतियों की बुनियाद पर टिका होता है। जीवन के हर पड़ाव पर मां का भरोसा बच्चों को थामे रखता है। जीवन मूल्यों को सीखने-सिखाने का यह सफर मन के बंधन का सबसे सुंदर रिश्ता है। दायित्व निर्वहन से जुड़ी मेहनत हो या भावनाओं को समझने का मामला, मां स्वयं एक उदाहरण बनकर बच्चों को जीवन के हर पहलू से जुड़ी सीख देती है।

### ममत्व के साथ जीवन की सीखें

मां के मन में रचा-बसा ममता का भाव, बच्चों का जीवन संवारता है। हर पीढ़ी के लिए ही मां से मिलने वाली शिक्षा का कोई दूसरा पर्याय नहीं है। ममत्व की नमी के साथ अनुभवों को वास्तविकता का रंग देकर मां अपने बच्चों को भविष्य में हर परिस्थिति से जूझने के लिए तैयार करती है। मातृत्व का भाव ही ऐसा है कि बच्चों की कमजोरियों को दुनिया से छुपाने वाली मां स्वयं बिन बताए उनकी हर कमजोरी को समझ जाती है। इसी समझ के बल पर बच्चों को भी स्नेह भरी समझाइश के साथ उनकी हर कमी से उनको बाहर निकाल लाती है। बच्चों के मन को जीवन के हर पड़ाव पर मजबूती देने का काम मां से बेहतर कोई नहीं कर सकता। मां ही बच्चों को अपने परिवार, परिवेश से जुड़ना सिखाती है। कामयाबी की राह पर बढ़ने का बल देती है। मां,



तकलीफों से जूझना भी सिखाती है और सुकूनदायी लम्हों को जी भरकर जीना भी। परेशानियों के दौर में संभलने और आनंद के समय मुस्कुराने का पाठ तो मां बच्चे को दुनिया में आने से पहले ही सिखाने लगती है। मातृत्व की जिम्मेदारी से जुड़ा ममत्व का भाव बच्चों को मानवीय पीड़ा समझने का भी पाठ पढ़ाता है। तभी तो हर पीढ़ी के लिए ही मां से मिली हर सीख आज भी समाज और परिवार को बांधने-साधने का माध्यम बनी हुई है।

### नेह की नमी का पोषण

मां के नेह की नमी बच्चों के जीवन की जड़ों को सींचती है। बात केवल शारीरिक-मानसिक देखभाल की नहीं, मां का साथ मनोभावों के मोर्चे पर भी बालमन को थामने का काम करता है। उम्र भर मां का यही स्नेह जीवन की जद्दोजहद में आत्मबल जुटा लेने का हौसला देता है। उलझे हालातों की कड़ी धूप में मां के स्नेह का भाव शीतल छाया के समान लगता है। जीवन के कठिन से कठिन दौर में भी अपने बच्चों का साथ ना छोड़ने वाली मां का मन बदलते समय के साथ भी नहीं बदला है। तकनीक की दस्तक और काम-काजी भाग-दौड़ के बावजूद बच्चों पर स्नेह लुटाने की उसकी सोच आज भी कायम है। हमारे सामाजिक परिवेश में तो अपने हर सपने को छोड़ बच्चों का जीवन संवारने के लिए जिंदगी दांव पर लगा देने वाली मांएं भी कम नहीं हैं। उम्र के आखिरी पड़ाव तक भी मां का मन खुद माता-पिता बन चुके अपने बच्चों के लिए चिंतित रहता है। उसके प्यारे रिश्ते के नेह की नमी कभी नहीं सूखती।

### अनुभूतियों का पुल

मां और बच्चों को अनुभूतियों का एक साझा पुल जोड़कर रखता है। तभी तो मां बच्चों की चुप्पी को ही नहीं, आक्रोश को भी समझ जाती है। प्रेम-स्नेह को ही नहीं, शिकायतों को भी मन से स्वीकारती है। मार्क ट्वेन ने कहा है, 'मां के बिना जीवन अधूरा होता है।' सच ही है, क्योंकि बच्चों की खुशी और पीड़ा दोनों में साथ देने वाली मां ही होती है। कही-अनकही हर बात को समझने वाला दिल बस मां के पास ही होता है। बच्चों की खुशी में भी मां की आंखों से आंसू बह निकलते हैं। उपलब्धियों और सफलता के दौर में भी सधकर चलने और शीर्ष पर बने रहने का आशीष मां का मन ही दे सकता है। बिना किसी शर्त के समर्पण और स्नेह भरी अनुभूतियों को लिए मातृत्व का संसार पीढ़ी-दर-पीढ़ी इस जुड़ाव को सींचता आ रहा है। आज भी पीड़ा में सबसे पहले मुंह से मां शब्द ही निकलता है। भय से जूझते हुए मां के प्यारे स्पर्श और कड़कती धूप में सिर पर डाल देने वाले आंचल की ही याद आती है। सफलता हो या असफलता, हर पड़ाव पर छोटी-छोटी सीख देकर जीवन को दिशा देने वाली मां का ख्याल आ ही जाता है। कितनी ही भूमिकाएं निभाती मां हर पल मन-जीवन में अपनी मौजूदगी बनाए रखती है। इसीलिए कहा भी गया है कि मां, वह है, जो अन्य सभी की जगह ले सकती है, लेकिन एक मां की जगह कोई और नहीं ले सकता।

### मां से मिली सेवा भावना

**ममता कालिया, साहित्यकार**



**अपनी मां** से मेरा रिश्ता पारंपरिक ढर्रे से कुछ अलग हटकर था। इसकी एक बड़ी वजह यह भी थी कि उनका विवाह कम उम्र में ही हो गया था। उनकी शादी के बाद जल्द ही हम दोनों बहनों का जन्म हुआ। दो बेटियों के जन्म के बाद रिश्तेदार उन्हें देखकर उनके प्रति सहानुभूति प्रदर्शित करने लगे कि इस बेचारी की दो बेटियां हैं, इन बातों से मेरी मां अकसर उदास रहती थीं। मेरी बड़ी बहन बहुत सुंदर थी, जबकि मेरी शक्ल, सूरत बेहद मामूली थी। शायद इसी वजह से मां मेरे प्रति थोड़ी अनमनी-सी रहती थीं। इसके अलावा मेरी रुचि पढ़ने-लिखने में ज्यादा थी, घर के काम-काज में मैं उनका जरा भी हाथ नहीं बंटाती थी। इस मामले में पिताजी भी मेरा साथ देते थे। इसी वजह से बचपन में मां के साथ मेरे रिश्ते में प्रगाढ़ आत्मीयता नहीं थी, लेकिन जब मेरी बहन ने अपनी मर्जी से प्रेम विवाह कर लिया, उसके बाद मां बहुत बीमार रहने लगीं। तब उनके साथ वक्त बिताने की वजह से उनसे मेरा भावनात्मक बंधन मजबूत हुआ। पिताजी आकाशवाणी में निदेशक थे, घर में भौतिक सुख-सुविधाओं की कमी नहीं थी, लेकिन घर में मां को पिता के साथ बराबरी का जीवन जीने का अवसर नहीं मिला, इससे उनका व्यक्तित्व थोड़ा दब-सा गया था। लेकिन उनमें सेवा की भावना बहुत ज्यादा थी, दूसरों की मदद करना मैंने उनसे ही सीखा है। आज भले ही वह हमारे बीच नहीं हैं, पर मदर्स-डे के अवसर पर मैं उनसे यही कहना चाहूंगी कि मां आज मुझे देखकर तुम बहुत खुश होती, अब मैं तुम्हारी आज्ञाकारी बेटी बन गई हूं। तुम्हारी ही तरह मैं भी अपना घर सुव्यवस्थित रखती हूं।

### मां ने बचपन से ही मुझे आत्मनिर्भर बनाया

**इरा टाक, लेखिका-फिल्म निर्मात्री**



**मेरी मां** कॉलेज में प्राध्यापिका थीं। वह बहुत ज्यादा पढ़ती थीं, भाषा के प्रति वह बहुत सचेत रहती थीं। पढ़ने-लिखने और भाषा के प्रति अच्छी समझ रखने का संस्कार मुझे अपनी मां से ही मिला है। मेरे पिताजी की पोस्टिंग दूसरे शहर में थी, वह ज्यादातर वहीं रहते थे। ऐसे में मां ही अकेले पूरे घर को बहुत अच्छी तरह संभालती थीं। उन्होंने बचपन से ही मुझे आत्मनिर्भर बनाया। दस-बारह साल की उम्र से उन्होंने मुझे खाना बनाना सीखा दिया था। मैंने अपने कपड़े धोने सीखे, प्रेस करना सीखा। दूसरे भी वो काम करने लगी थी, जो बड़े करते हैं। बचपन में मैं अपनी पॉकेटमनी से पैसे बचाकर हर साल मदर्स-डे के अवसर पर उनके लिए गिफ्ट खरीद कर जरूर लाती थी। मुझे याद है, रात को सोने से पहले वह अकसर मुझे कहानियां सुनाती थीं। इन कहानियों से जो सीख मिलती थी, उसको भी वह बताती थीं। मां की सुनाई कहानियों से मैंने जीवन के कई सबक सीखे। अच्छे-बुरे के बारे में जाना। किताबें पढ़ने की अच्छी आदत मुझे उनसे ही मिली है। ये किताबें ही होती हैं, जो हमारा मार्गदर्शन करती हैं, हमें मोटिवेट करती हैं। अपनी मां से मैंने जीवन में अनुशासन का सबक सीखा है। उन्हीं की वजह से ही मैं आज भी अनुशासित दिनचर्या अपनाती हूं। 2015 में मेरी मां का स्वर्गवास हो गया। आज जब भी मेरी कोई नई किताब आती है या मुझे कोई पुरस्कार मिलता है तो मुझे मां की बहुत याद आती है। मदर्स-डे के अवसर पर मैं उन्हें धन्यवाद देना चाहती हूं कि उन्हीं के बताए रास्ते पर चलने के कारण आज मैं जीवन में कामयाब हूं, खुश हूं। मैं सहेली की पाठिकाओं से यही कहूंगी, अपनी मां की सीखों को हमेशा अपने दिमाग में रखें, क्योंकि उन सीखों में जीवन को सही ढंग से जीने की कला छुपी होती है। ये सीखें आगे बढ़ने की राह बनाएंगी, जीवन को सुखी रखेंगी।

प्रस्तुति : विनीता

सलाह / मनीषा

## हर दिन हो मां के लिए खास...



हम साल में सिर्फ एक दिन मदर्स-डे मनाकर अपनी मां के प्रति प्रेम-स्नेह और कृतज्ञता के भाव प्रकट करके इतिश्री मान लेते हैं, जबकि हमारी मांएं हमारे लिए जितना कुछ करती हैं, उनके लिए यह एक दिन का शुक्राना बहुत कम है। सच तो यह है, हमें लगता है कि घर के काम करना, हमारा खयाल रखना तो मां की आदत है। जबकि हमें भी उनकी जरूरतों और भावनाओं का खयाल रखना चाहिए। इसके लिए हमें कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए।

**घरेलू कार्यों में सहयोग दें :** हमारी मांएं सुबह से लेकर शाम तक घर के कामों में लगी रहती हैं, उन्हें आराम करने का समय नहीं मिलता, जबकि उनके स्वास्थ्य के लिए आराम जरूरी है। वह आराम तभी कर आएंगी जब उनके काम का बोझ कम होगा। उनका यह बोझ तभी कम होगा, जब हम घर के कामों में उनका हाथ बंटाएंगे। हम रोजमर्रा के घरेलू कार्यों जैसे किचेन में सब्जी काटकर, रोटियां बेलकर, डाइनिंग टेबल पर खाना सर्व करके घर की सफाई में मदद करके उनके कामों को हल्का कर सकते हैं। हमारी मदद से उन्हें आराम मिलेगा।

**मां के लिए समय निकालें:** चाहे आप कितनी ही व्यस्त क्यों ना रहती हों, आप रोजाना अपनी मां से बातें करने के लिए समय जरूर निकालें। इस दौरान उनकी सुनें, उनका हाल जानें। अगर सेहत से संबंधी कोई परेशानी हो तो उन्हें डॉक्टर के पास लेकर जाएं। इससे उन्हें लगेगा उनका कोई खयाल रखने वाला है।

**शौक पूरा करने के लिए प्रेरित करें:** हमारी परवरिश और घर-गृहस्थी की जिम्मेदारियां निभाने के चक्कर में हमारी मांओं के पास अपने लिए कोई समय नहीं बचता, इस कारण उनके कुछ शौक, ख्वाहिशें पूरी नहीं हो पातीं। लेकिन अब आप उनकी हॉबीज जानें। इसे पूरा करने के लिए उन्हें प्रेरित करें। इस तरह जब आप अपनी मां का खयाल रखेंगी तो हर दिन मां के लिए खास होगा।

डाइट सजेशन

**डॉ. शालिनी सिंघल, डाइटिशियन, दिल्ली**

आप जरूर चाहेंगी कि आपकी मां हमेशा हेल्दी-एनर्जेटिक रहें, ओल्ड एज में होने वाली हेल्थ प्रॉब्लम्स से बची रहें। इसके लिए आपको उनके हेल्थ की प्रॉपर केयर के साथ ही उनकी डाइट का भी ध्यान रखना होगा।

## तब आपकी मां रहेंगी हेल्दी-एनर्जेटिक

पचास की उम्र के बाद होने वाले शारीरिक-मानसिक बदलावों का असर सभी महिलाओं पर पड़ता है। इस एज में वे मेनोपॉज की स्थिति से गुजर रही होती हैं या गुजर चुकी होती हैं। इस उम्र में शरीर का मेटाबॉलिक रेट कम होने से इम्यून सिस्टम कमजोर, बोन डेंसिटी कम और मसल्स लॉस होने लगते हैं। इन वजहों से वे ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, ऑस्टियोपोरोसिस, इनसोम्निया, एंग्जाइटी, डिप्रेशन जैसी कई बीमारियों की गिरफ्त में आ सकती हैं। ऐसा आपकी मां के साथ ना हो, इसके लिए जरूरी है कि आप अपनी मां का पूरा खयाल रखें।

**न्यूट्रिशस डाइट है जरूरी:** अपनी मां को ऐसी डाइट दें, जिनमें सभी मैक्रोन्यूट्रिएंट्स (कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, फैट) और माइक्रोन्यूट्रिएंट्स (विटामिन और मिनरल्स) शामिल हों। इसके लिए उनके हर मील में सभी फूड ग्रुप्स होने चाहिए। कहने का मतलब है कि उनकी डेली डाइट में एनर्जी देने वाले (कार्बोहाइड्रेट), बोंस को स्ट्रॉन्ग बनाने वाले (प्रोटीन, कैल्शियम) और प्रोटेक्टिव (विटामिंस, मिनरल्स) फूड्स जरूर शामिल करने चाहिए।

**इम्यूनिटी बूस्टर फूड्स:** ओल्ड एज में इम्यून सिस्टम कमजोर होने से न्यूट्रिशन संबंधी जरूरतें बदल जाती हैं। इसलिए मां की डाइट में फाइटोन्यूट्रिएंट्स और एंटीऑक्सीडेंट्स को शमिल करके उनको हेल्दी बनाए रख सकते हैं। इसके लिए आपको हल्दी, जीरा, तुलसी के पत्ते, दालचीनी, अदरक, लहसुन जैसे इम्यूनिटी बूस्टिंग फूड्स किसी न किसी रूप में अपनी मां को जरूर देना चाहिए।

**फाइबर रिच आइटम्स:** बढ़ती उम्र के साथ महिलाओं का डाइजेस्टिव सिस्टम थोड़ा कमजोर हो जाता है। ऐसे में उन्हें फाइबर रिच फूड्स जैसे- चोकरयुक्त आटा, साबुत दालें, साबुत अनाज देने से उनको डाइजेशन संबंधी परेशानियां नहीं होंगी।



**ग्रीन वेजिटेबल्स:** हरी सब्जियां (खासकर पत्तेदार सब्जियां) कैलोरी में कम लेकिन विटामिन बी, ए, के, कैल्शियम और आयरन से भरपूर होती हैं। ये हड्डियों को मजबूती देने के साथ ओवरऑल हेल्थ बनाए रखने में भी मदद करती हैं। इसलिए आप अपनी मां को डेली कम से कम दो छोटी कटोरी सब्जियां जरूर खिलाएं। सलाद खाना सेहतमंद होता है। लेकिन अगर आपकी मां के दांत कमजोर हो रहे हैं, तो उन्हें कच्ची सब्जियां या सलाद कद्दूकस करके या बारीक कटी ही खाने के लिए दें ताकि उन्हें चबाने में या पाचन संबंधी दिक्कत न हो।

**प्रोटीन रिच फूड्स:** ओल्ड एज में होने वाले मसल्स लॉस से बचाने के लिए अपनी मां की डाइट में प्रोटीन रिच फूड्स जैसे- दालें, सोयाबीन, मूंगफली, अंडे, लो-फैट गाय का दूध और डेयरी प्रोडक्ट्स आदि ज्यादा से ज्यादा शामिल करना चाहिए।

**कैल्शियम-विटामिन डी:** बोन डेंसिटी कम होने या ऑस्टियोपोरोसिस से बचाने के लिए मां की डाइट में कैल्शियम और विटामिन डी भी पर्याप्त मात्रा में होने चाहिए। कैल्शियम के लिए लो फैट दूध और दूध से बने पदार्थ, सोयाबीन और उससे बने पदार्थ, हरी पत्तेदार सब्जियां, सफेद तिल, सीड्स, रागी का आटा जैसे फोर्टिफाइड अनाज ले सकती हैं। विटामिन डी के लिए मशरूम, साल्मन मछली, अंडे, कॉडलिवर ऑयल लेना जरूरी है।

**हेल्दी फैट:** मां की डेली डाइट में हेल्दी फैट भी होना चाहिए। इसके लिए उन्हें सीमित मात्रा में देसी घी दे सकती हैं। इसके अलावा फूड के रूप में 3 टीस्पून या 15 मिली. हेल्दी ऑयल भी दे सकती हैं। इसके उनके बोंस स्ट्रॉन्ग रहेंगे और ज्वाइंट्स में ग्रीस भी बनी रहेगी।

**पानी-लिक्विड डाइट:** ओल्ड एज में स्किन प्रॉब्लम्स और डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए मां को रोजाना पर्याप्त मात्रा में यानी 8 से 10 गिलास पानी पीने के लिए कहना चाहिए। आप चाहें तो उनको नीबू-पानी, नारियल पानी, लस्सी, मट्ठा, वेजिटेबल सूप, फ्रूट जूस जैसे लिक्विड डाइट भी दे सकती हैं।

**नमक-चीनी की मात्रा:** मां की डाइट में नमक और चीनी संतुलित मात्रा में होने चाहिए। खाने में चीनी या नमक ऊपर से डालकर नहीं खाने देना चाहिए। ज्यादा नमक से ब्लड प्रेशर, हार्ट अटैक, स्ट्रोक और ज्यादा चीनी से मोटापा, डायबिटीज होने का रिस्क बढ़ता है। डब्ल्यूएचओ भी एक वयस्क व्यक्ति को रोजाना 5 ग्राम से कम आयोडाइज्ड नमक और 15-20 ग्राम तक चीनी लेने की सलाह देता है।

प्रस्तुति:रजनी अरोड़ा

बात अपनी

**यासमीन सिद्दीकी**

मां को हर वक्त अपने घर-परिवार और बच्चों की इतनी ज्यादा चिंता रहती है कि उसे अपने लिए कुछ सोचने, कुछ करने की सुधि ही नहीं रहती। यह तो अपने आपको खत्म करना है। क्या मां की खुशी कोई मायने नहीं रखती, उसका कोई वजूद नहीं है...? मां के लिए एक कोशिश।

## मां तुम्हारी भी हैं कुछ खुशियां तुम्हारा भी है एक वजूद...

बचपन से मैं तुम्हें देख रही हूं मां, तुम ना कभी थकती हो, ना रुकती हो। तुम रोज सबसे बाद में सोती हो और सबसे पहले उठ जाती हो। थकान और ना जैसे शब्द तुम्हारी शब्दावली में नहीं हैं। इस मदर्स-डे पर मां मैं तुमसे अपने मन की बातें कहना चाहूंगी। सदियों से समाज तुम्हें मां बनाकर महानता का दर्जा देता आया है। सुनो मेरी मां, अब इस महानता का चोला उतारकर, अपनी ख्वाहिशों की ओढ़नी ओढ़ लो। मत कसो अपने आपको समाज की कसौटी पर।

**मां होने का अर्थ:** मां आपसे अपनी बातें कहने से पहले मैं अपने जैसे लोगों से कुछ कहना चाहूंगी। मां शब्द जब भी हमारे जेहन में आता है। हम एक ऐसी महिला की कल्पना करते हैं, जो अपने बच्चों को मुसीबत से बचाने के लिए कभी शेरनी बन जाती है तो कभी अपने अस्वस्थ बच्चों के लिए हकीम बन जाती है। अकसर अपने बच्चों में अपनी दुनिया को देखने वाली हमारी मांओं की अपनी दुनिया कहीं खो जाती है। लेकिन अगर हम कोशिश करें तो अपनी मां को वो सहज जिंदगी दे सकते हैं, जिसकी वो अधिकारी है। तो चलिए इस मदर्स-डे पर हम अपनी मां से कहें -

**बोलो कि थक गई हो:** हम बहुत आसानी से कह देते हैं कि मां को मैंने कभी थकते हुए नहीं देखा। मेरी मां बिना रुके काम करती है। अगर मैं उससे आधी रात में कुछ बनाकर खाने को देने के लिए कहूंगी तो बनाएगी। लेकिन मां तुम स्वयं को अभिव्यक्त करना सीख लो। थकने का अधिकार तुमको भी उतना है, जितना हमें है। बस हम कह देते हैं और तुम नहीं कह पाती, अपने दर्द को सहती हो। मां अब मत सहो, हम तुम्हारे बच्चे हैं, हमसे काम करवाओ।



हम नहीं करें तो हमें डांटो, लेकिन हर काम की जिम्मेदारी लेकर खुद को और मत थकाओ मां।

**ना कहना सीखो:** मां तुम जानती हो कि तुम्हें हाई ब्लड प्रेशर की शिकायत क्यों हो गई? ऐसा इसलिए क्योंकि तुम किसी काम के लिए ना ही नहीं कह पाती। तुमको बुरा भी लगता है, तकलीफ भी होती है, लेकिन तुम सहती हो। बेटी हूं आपकी, सब समझती हूं। बहुत जरूरी है, ना कहना भी सीखो, मां।

**पापा की साथी भी हो:** हां जब हम छोटे थे, तब स्वाभाविक था कि हम पर तुम्हें ज्यादा ध्यान देना होता था, लेकिन अब हम बड़े हो चुके हैं मां। इस घर में एक और रिश्ता है, आपका और पापा का। आप दोनों एक-दूसरे को समय दें। हम भी तो अपने दोस्तों के साथ अकेले घूमने जाते हैं तो आप दोनों भी कभी डिनर डेट पर जाओ। क्यों हमेशा हमारे साथ ही आउटिंग पर निकलती हो। सच कहें कि आप और पापा एक-दूसरे को समय देंगे तो हमें भी खुशी होगी।

**मां तुम्हारी सहेलियां कहां हैं:** मां अकसर आप अपनी सहेलियों का जिक्र करती हैं। लेकिन कभी उन दोस्तों के साथ मिलने का प्लान भी बनाइए। हां, अब आप कहेंगी कि नाते-रिश्तेदार निपट जाएं, वही बहुत है। लेकिन मां जिस तरह से आप इतने बड़े परिवार को संभालती आई हैं, कोशिश करेंगी तो आप अपनी पुरानी जिंदगी को फिर से सजा लेंगी।

**एक दिन आपकी पसंद का:** मां घर में खाना बनता ही वो है, जो हमें पसंद है। लेकिन जब भी आपसे पूछो कि मां आपको क्या पसंद है तो जवाब मिलता है 'अरे मेरा क्या है? मैं तो सभी कुछ खा लूंगी।' नहीं मां, एक दिन अपनी पसंद का खाना हमसे बनाने को कहो, हम बड़े प्यार से बनाएंगे। हमें भी पता चले कि हमारी मां की पसंद-नापसंद क्या है?

**मुश्किल नहीं है बदलाव:** आपको लग रहा होगा कि यह सब किताबी बातें हैं। ऐसा हो नहीं सकता, लेकिन मां सच है कि समाज में इस बदलाव को लाना इतना मुश्किल भी नहीं है। बदलाव धीरे ही सही, लेकिन आते जरूर हैं। हैप्पी मदर्स-डे मां!

## खबर संक्षेप

### पदाधिकारियों ने बैठक कर यूनियन से किया किनारा

**सोनीपत।** सोमवार को शहर की छोटूराम धर्मशाला में भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी से जुड़े पदाधिकारियों ने बैठक कर यूनियन से किनारा कर सामूहिक तौर पर त्याग पत्र देने का फैसला किया है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के सुवा जिला प्रधान वीरेन्द्र पहल ने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा के लिए भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी का गठन किया गया था। परन्तु गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने अब इस यूनियन को एक राजनीतिक पार्टी के तौर पर इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है।

### नर्सिंग की छात्राओं के लिए बसें रुकवाने की मांग

**बहादुरगढ़।** जनजागरण समिति ने हरियाणा परिवहन निगम के अधिकारियों को पत्र लिखकर महाराजा अग्रसेन मेडिकल यूनिवर्सिटी के सामने रोडवेज बसों को रुकवाने की व्यवस्था करने की मांग की है। बेशक मेडिकल यूनिवर्सिटी अभी शुरू नहीं हुई है, लेकिन लंबे समय से यहां नर्सिंग कॉलेज व हॉस्टल चल रहा है। इसका हवाला देते हुए समिति ने निगम के स्टेशन प्रबंधक को पत्र लिखा है। पत्र में नूना माजरा गांव से पहले टाटा होम्स के सामने झज्जर रोड पर बसों का हॉल्ट करवाने की मांग की है।

### जहरीले पदार्थ के सेवन से युवक की मौत

**बहादुरगढ़।** दिल्ली के निवासी एक युवक की बहादुरगढ़ में मौत हो गई। किसी जहरीले पदार्थ के सेवन से मौत की आशंका जताई जा रही है। मृतक की पहचान करीब 20 वर्षीय सुजल के रूप में हुई है। दिल्ली के किराड़ी इलाके का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार, वह यहां अनाज मंडी में अपने ताऊ के पास आया हुआ था। इसी दौरान किसी पदार्थ के सेवन से उसकी तबीयत बिगड़ गई। उसे अस्पताल में लाया गया। जहां देर रात को उसने प्राण त्याग दिए। युवक ने जानबूझकर जहर निगला या इसके पीछे कोई वजह रही, ये अभी स्पष्ट नहीं है।

### हथियार उपलब्ध करवाने का आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर।** पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों को हथियार उपलब्ध करवाने मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। सीआईए झज्जर प्रभारी सोमबीर ने बताया कि आरोपियों को दो अवैध हथियार व चार जिंदा कारतूस मुहैया कराने का आरोपी को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान अभिषेक निवासी सिलानी गेट झज्जर के तौर पर की गई है। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### सांखोल में अतिक्रमण पर कार्रवाई की मांग

**बहादुरगढ़।** गांव सांखोल में अतिक्रमण व अवैध पार्किंग से लोगों को परेशानी हो रही है। इस संबंध में वहां के निवासी एक व्यक्ति ने प्रशासनिक अधिकारियों से कार्रवाई की मांग उठाई है। भगवान सिंह राठी का कहना है कि गांव में दोनों तरफ नालों पर कब्जा है। सड़क किनारे बेतरतीब ढंग से वाहन खड़े रहते हैं। इस कारण मार्ग की चौड़ाई सिकुड़ी रहती है और यातायात प्रभावित रहता है। इतना ही नहीं, सरकारी प्राथमिक पाठशाला व मंदिर के सामने सीमेंट की लोडिंग-अनलोडिंग की जाती है। इस वजह से धूल उठती है और स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ता है। उन्होंने इस संबंध में एसडीएम बहादुरगढ़ आफिस में ज्ञापन दिया है।

### लापता महिला का सुराग नहीं, मामला दर्ज

**बहादुरगढ़।** बिहार मूल की एक महिला बादली थाना क्षेत्र से लापता हो गई है। परिजन तमाम संभावित ठिकानों पर उसको तलाश चुके हैं लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी पता नहीं है। अब परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर तलाश की गुहार लगाई है। बिहार के नालंदा जिले के निवासी रुदल का कहना है कि वह बादली थाना क्षेत्र के अधीन लगते गांव में स्थित ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता है। उसकी पत्नी सुष्मा मानसिक रूप से तनाव में है। गत 25 अप्रैल की रात आठ बजे वह घर से निकली थी।

---

### गांव के शहीद व स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमा स्थापित की जाएंगी

# शहीदों व स्वतंत्रता सेनानियों की याद में खांडा में बनेगा स्मृति स्थलः नवीन

### गांव के स्वतंत्रता सेनानियों ने वीर सावरकर के साथ काले पानी की सजा काटी थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

तिरंगा युवा समिति ने ग्राम पंचायत के सहयोग से गांव के सरकारी लीलावती स्कूल में एक स्मृति स्थल बनाने का फैसला किया है। जिला उपायुक्त से इस आशय की अनुमति ले ली है। गांव के शहीद जवानों व स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमा स्थापित की जाएंगी। हरियाणा के महान रागनी गायक लख्मीचंद के गुरु दीपचंद जिन्होंने इसी गांव की पवित्र भूमि में जन्म लिया था तथा बंदा बीर बहादुर ने भी यहीं अपनी सेना का गठन किया था। लिहाजा इन दोनों महान विभूतियों की प्रतिमाएं भी स्थापित की जाएंगी। स्वतंत्रता सेनानी परिवार से संबंधित मास्टर राजेन्द्र ने बताया कि गांव में 14 स्वतंत्रता सेनानी हैं और 6 जवान भारतीय सेना में और एक जवान हरियाणा पुलिस में शहीद हुए हैं। तिरंगा युवा समिति के अध्यक्ष नवीन खांडा दो साल तक अथक मेहनत करके आवश्यक अनुमति लेने में सफल हुए हैं। उन्होंने बताया कि तिरंगा युवा समिति अपने गांव के महान विभूतियों की याद में एक स्मृति स्थल बनाने जा रही है। जिसमें इन सभी महान विभूतियों की प्रतिमाएं रखवाई जाएंगी। जिससे गांव के युवाओं को प्रेरणा मिलेगी कि गांव से इतने बड़े बड़े महान वीरों ने जन्म लिया है। गांव के स्वतंत्रता सेनानियों ने वीर सावरकर के साथ काले पानी की सजा काटी है। नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के प्रथम 10 कमांडो में से एक कमांडो खांडा गांव से रहे हैं। इस मौके पर गांव सरपंच, शहीद व स्वतंत्रता सेनानी परिवार , संजय खांडा, जोगिंद्र, मुकेश, विनोद आदि मौजूद रहे।



**खरखौदा।** नवीन खांडा एवं शहीद व स्वतंत्रता सेनानी परिवार के सदस्य।



**गोहाना।** छत्रपति शाहूजी महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित करते नागरिक।

### छत्रपति शाहूजी महाराज की 202वीं पुण्यतिथि मनाई

**गोहाना।** महम रोड गोहाना स्थित गांधीनगर की गुरु रविदास चौपाल में सोमवार को छत्रपति शाहूजी महाराज की 202वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। श्रद्धांजलि समारोह गुरु रविदास समाज संगठन के तत्वाधान में आयोजित किया गया। समारोह में संगठन के सदस्यों ने शाहूजी महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन किया। मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा छत्रपति शाहूजी महाराज वंचित, शोषित व पिछड़ा वर्ग समाज के मसीहा थे। वे देश के ऐसे पहले राजा थे जिन्होंने 1901 में जाति जनगणना करवाई और महाराष्ट्र की कोल्हापुर रियासत में 1902 में पिछड़े वर्गों से गरीबी दूर करने और राज्य प्रशासन में उन्हें उनकी हिस्सेदारी देने के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण प्रारंभ किया था। श्रद्धांजलि समारोह के अध्यक्षता संगठन के सचिव सतबीर पौड़िया ने की। उन्होंने कहा कि साहूजी महाराज ने अपने राज्य में आधुनिक शिक्षा लागू की। 1912 में प्राथमिक शिक्षा को अनिवार्य और 1917 में प्राथमिक शिक्षा को निःशुल्क कर दिया। 500 से 1000 तक की जनसंख्या वाले प्रत्येक गांव में स्कूल खोले। इस अवसर पर राजपाल कश्यप, वेदपाल वीरपाल, नारायण सिंहमार, पूर्णमल चहल, धर्मवीर बामनिया, बलराज, सरोज, सुमन, शीतल और नेहा मौजूद रहे।

# शिक्षकों को खेल-खेल में ज्ञान देने का प्रशिक्षण दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

कथूरा शैक्षणिक खंड के 33 शिक्षकों की चार दिन की स्पेशल एफएलएन ट्रेनिंग का सोमवार को शुभारंभ हो गया। इस ट्रेनिंग कैंप में शिक्षकों को खेल-खेल में बच्चों को अच्छा ज्ञान देने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। एफ.एन.एल. की दूसरे फेस की ट्रेनिंग दी जा रही है।

कैंप का मार्गदर्शन बीईओ जितेंद्र गौड़ और बीआरसी राजेंद्र सांगवान कर रहे हैं। पहले दिन मास्टर ट्रेनर अनिल कुमार और मनोज कुंडू पहुंचे। उन्होंने शिविर के प्रतिभागी 33 शिक्षकों को विभिन्न क्रियाकलापों के माध्यम से बुनियादी साक्षरता ढांचे की ट्रेनिंग प्रदान की। बीईओ जीतेंद्र गौड़ ने कहा कि दूसरे फेस के इस ट्रेनिंग कैंप में प्राथमिक अध्यापक बुनियादी शिक्षा ढांचे की बारीकियों को गहनता से समझेंगे। प्रशिक्षु शिक्षकों को बच्चों को खेल-खेल में अच्छी शिक्षा देने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इस अवसर पर बी.आर.पी. सपना, संदीप, संगीता आदि भी मौजूद रहे।



**गोहाना।** प्रशिक्षण करते शिक्षकगण। *फोटो : हरिभूमि*

### शांतिपूर्वक मतदान करने की अपील की



**खरखौदा।** सहायक पुलिस आयुक्त खरखौदा जीत सिंह व थाना प्रभारी अंकित ने पुलिस टीम के साथ गाँव गढ़ी का दौरा करके ग्रामीणों के साथ एक गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी के दौरान सभी को चुनाव आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन्स पढ़कर सुनाई व समझाई गई। गाँव वासियों से अपराधी किस्म के व्यक्तियों की गतिविधियों के बारे भी चर्चा की गई। गाँव वासियों से शांतिपूर्वक व बढ़चढ़ कर मतदान करने की अपील की गई। चुनावों के दौरान गाँव में बाहरी लोगों के आवागमन की सूचना पुलिस को देने बारे भी निर्देश दिए गए। गाँव के मोजिज व्यक्तियों की एक कमेटी स्थापित की गई जिसको शांति कमेटी का नाम दिया गया। जो गाँव के क्षेत्र में शांतिपूर्वक मतदान करने में पुलिस का सहयोग करेगी। *फोटोःहरिभूमि*

### क्नॉट प्लेस में मिला लावारिस बैग

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के कनॉट प्लेस इलाके में सोमवार को एक लावारिस बैग मिला। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, दो दिन पहले भी इस इलाके में इसी तरह का एक और लावारिस बैग मिला था।

उन्होंने बताया कि बैग के अंदर कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला, लेकिन उसके मालिक का अभी तक पता नहीं चल पाया है। अधिकारियों के मुताबिक, दिल्ली दमकल सेवा को अपराह्न एक बजे एक लावारिस बैग के बारे में सूचना मिली, जिसके बाद दमकल की दो गाड़ियों को तुरंत मौके पर भेजा गया। उन्होंने बताया कि स्थानीय पुलिस ने 'के' ब्लॉक के पास के इलाके को घेर लिया और बम निरोधक दस्ते को भी मौके पर बुला लिया गया।

# हत्या का आरोपी पुलिस हिरासत से हुआ फरार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



हत्या के एक मामले में गिरफ्तार एक युवक लोदी कॉलोनी थाने के शौचालय की खिड़की से कूदकर पुलिस हिरासत से फरार हो गया। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना शनिवार रात की है जब आरोपी सलमान उर्फ राजा को हत्या के जुर्म में दो दिन की पुलिस हिरासत में थाने लाया गया था। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि सलमान की सुरक्षा में हेड कांस्टेबल रवि को तैनात किया गया था। उन्होंने बताया कि रवि को धक्का देने के बाद आरोपी शौचालय की खिड़की से कूदकर फरार हो गया। अधिकारी ने बताया कि सलमान को हत्या के आरोप में लोदी कॉलोनी क्षेत्र से 19 अप्रैल को पकड़ा था। अधिकारी ने कहा कि आरोपी ने पैसों के लेनदेन में विवाद को लेकर पीड़ित को बॉलकनी से नीचे फेंक दिया था। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि आरोपी सलमान के खिलाफ पुलिस हिरासत से भागने के जुर्म में भारतीय दंड संहिता की धारा 224 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

# सफाई ठेकेदार की मनमानी से जनता परेशान

### मजबूरन ठेकेदार को पैसे देकर स्लैब ढ़कवा रहे दुकानदारः दहिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

प्रयास संगठन के अध्यक्ष नवीन दहिया ने सोमवार को दिल्ली मार्ग स्थित जय नारायण धर्मशाला में प्रेस वार्ता की। जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि नालों की सफाई कराने वाला ठेकेदार नालों की सफाई करने के बाद नालों को स्लैब से कवर नहीं करता। जिसके चलते कई कई दिनों तक नाले खुले रहते हैं। जिससे दुकानदारों को परेशानी होती है और इसी परेशानी का फायदा उठाते हुए दुकानदारों से पैसों की मांग की जाती है और उन्हें मजबूरन ठेकेदार को पैसे देकर स्लैब को ढ़कवाना पड़ता है। जिसकी शिकायत नगरपालिका में की गई थी। लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई । नालों की सफाई का काम कागजों में लगभग 70 फीसदी पूरा दिखाया जा चुका है। जबकि सबसे ज्यादा सफाई दिल्ली मार्ग पर की गई और वहां भी अभी तक कोई भी नाला शुरू से लेकर आखिर तक साफ नहीं किया गया। रोहतक मार्ग का बहुत बड़ा हिस्सा और सांपला सोनीपत मार्ग पर पूरा नाला अभी तक साफ भी नही हुआ है। दिल्ली मार्ग पर भी कई जगह पानी का लेवल मार्ग से सिर्फ 1 इंच नीचे हैं। जो कभी भी गंदा पानी सड़क पर आ सकता है। जहां स्लैब टूट रहे हैं वहां ढक्कन भी साथ साथ नहीं रखवाए जा रहे है। जिससे दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है। नवीन दहिया ने ऑडियो और वीडियो भी जारी करके बताया कि ठेकेदार द्वारा दुकानदारों से पैसे लिए गए हैं। उन्होंने ठेकेदार को कहा कि बुधवार तक सभी दुकानदारों के पैसे वापस लौटा दे, अन्यथा बुधवार को सभी दुकानदार नगरपालिका कार्यालय में जाकर प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर मास्टर सुधीर, नसीम, संजू, अमित सैनी आदि उपस्थित थे।




**खरखौदा।** प्रेस वार्ता को संबोधित करते नवीन दहिया। *फोटो :हरिभूमि*

# टूटी पाइपलाइन से कई दिनों से बह रहा पेयजल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



पूर्वी दिल्ली के मंडावली रेलवे फाटक ब्रिज के पास पानी की पाइप लाइन कई दिनों से टूटी पड़ी है। जिसमें पीने का पानी व्यर्थ बह रहा है। लेकिन इस सुध लेने वाला कोई नजर नहीं आ रहा है। आलम यह है कि फूटी पाइप लाइन से निकल रहा पानी मंडावली फाटक रेलवे ब्रिज के नीचे भर रहा है। जिसके कारण वाहनों को निकलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं पैदल यात्रियों को काफी परेशानी हो रही है। दरअसल मंडावली फाटक के रेलवे ब्रिज के पास गणेश नगर-निर्माण विहार मार्ग पर आईजीएल द्वारा गैस पाइप लाइन डाली जा रही है। और जिस जगह पानी की पाइप लाइन टूटी वहां भी आईजीएल ने पाइप डाले हैं। बताया जा रहा है कि आईजीएल द्वारा डाली जा रही है गैस पाइप लाइन के दौरान ही पानी की पाइप लाइन टूटी है। जिसकी पूरी जानकारी वहां तैनात आईजीएल की पूरी टीम को भी है। लेकिन इसके बाद भी पिछले चार दिनों से पानी की पाइपलाइन टूटी पड़ी है और व्यर्थ में पीने का पानी बह रहा है। इस पाइप के फूटने से मंडावली में पीने के पानी की आपूर्ति पर असर पड़ने लगा है।

# दिल्ली हवाई अड्डे से तस्करी के आरोप में दो उज्बेकिस्तानी नागरिक गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- 3.16 करोड़ रुपये का सोना जब्त



सीमा शुल्क के अधिकारियों ने दिल्ली हवाई अड्डे पर उज्बेकिस्तान के दो नागरिकों को देश में 3.16 करोड़ रुपये मूल्य के सोने की तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी। दुबई से दिल्ली पहुंचने पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।सीमा शुल्क विभाग द्वारा जारी बयान के मुताबिक, ''यात्रियों और उनके सामान की तलाशी के दौरान उनके पास से सोने की पांच छड़ें बरामद की गईं, जिनका कुल वजन पांच किलोग्राम था। उन्होंने इसे लाल रंग की थैली में छिपाकर रखा था।'' बयान के मुताबिक जब्त सोने की कीमत 3.16 करोड़ रुपये आंकी गई है और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। सीमा शुल्क के अधिकारियों ने एक अन्य मामले में कोरिया के एक व्यक्ति को 2.8 करोड़ मूल्य की विदेशी मुद्रा की तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी बैंकाक जाने की फिराक में था, लेकिन अधिकारियों ने रविवार को उसे गिरफ्तार कर विदेशी मुद्रा जब्त कर ली।

# आप ने 'प्ले फॉर चेंज' प्रोग्राम के जरिए सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी का किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की साजिशन की गई गिरफ्तारी का सोमवार को कलाकारों ने एक अलग ही अंदाज में विरोध किया। आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा चलाए जा रहे 'जेल का जवाब वोट से' कैंपेन के तहत 'प्ले फॉर चेंज' प्रोग्राम में कलाकारों ने कनॉट प्लेस में ढोल-मंजीरे के साथ अपने सॉन्ग के जरिए केजरीवाल सरकार द्वारा दी जा रही अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी समेत अन्य मुफ्त सुविधाओं के बारे में जनता को जागरूक किया और संसद में भी केजरीवाल को मजबूत करने की अपील की। इस प्रोग्राम में आप के वरिष्ठ नेता एवं विधायक दिलीप पांडे भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा ईडी-सीबीआई और आईटी का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। यह देश के लोगों को पसंद नहीं आ रहा है। इसलिए अब पूरा देश भाजपा के खिलाफ खड़ा हो गया है और जेल की सियासत करने वाली भाजपा को अपने वोट से जवाब चाहता है। दिलीप पांडे ने कहा कि देश के लोग अब समझ चुके हैं कि भाजपा का केंद्र सरकार में बने रहना खतरनाक है। लोग जानते हैं कि भाजपा 2 करोड़ प्रति वर्ष नौकरियों के खिलाफ है, वो महंगाई रोकने के खिलाफ है, इस देश में भाईचारे के खिलाफ है।

**कार्यक्रम** छात्रों में कौशल संवर्धन के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन

# स्कूली शिक्षा से ही कौशल को बढ़ाने के लिए स्किल वर्कशॉप में भाग लेना चाहिए

करियर के विभिन्न विकल्पों पर सभी विद्यार्थियों को जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ऋषिकुल वर्ल्ड अकादमी के प्रांगण में छात्रों में कौशल संवर्धन हेतु एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय प्रबंधक नीरज शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इसमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक की छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. राजन मक्कड़, निधि हसीजा व श्रेय मदान रहे। डॉ. राजन मक्कड़ ने करियर के विभिन्न विकल्पों पर सभी विद्यार्थियों को जानकारी दी और और हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म कैसे बच्चों के लिए एक उज्जवल कैरियर साबित हो सकता है और कैसे वह अपने प्रोफेशनल व्यवसायिक लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं, इसके बारे में अवगत कराया। इस चीज पर प्रोत्साहन दिया कि बच्चों को अपनी स्कूली शिक्षा के दिनों से ही कौशल तथा कार्य कुशलता को बढ़ाने के लिए स्किल वर्कशॉप में भाग लेना चाहिए और अपने लिए भविष्य में कौन सा करियर उचित होगा इसका निर्णय निर्धारित करना चाहिए। किसी क्षेत्र विशेष में दक्षता आज के समय की मांग है और यही कारण है कि प्रधानमंत्री मोदी के स्किल इंडिया कार्यक्रम के साथ-साथ सीबीएसई द्वारा भी विभिन्न सेमिनार इन विषयों पर आयोजित किए जा रहे हैं साथ ही इसे पाठ्यक्रम में भी शामिल किया जा रहा है। इस सेमिनार का मुख्य उद्देश्य छात्रों को संगठित करके उनके कौशल को निखार कर उनकी योग्तानुसार रोजगार अनेक व नवीन अवसर प्रदान करना ही है। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों ने नीरज को इस विशेष कार्यक्रम की पहल के लिए धन्यवाद दिया।



**सोनीपत।** आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथिगण साथ में प्रबंधक नीरज शर्मा।

### महिला ने लगाया उत्पीड़न का आरोप

**खरखौदा।** क्षेत्रवासी महिला ने अपने ससुराल पक्ष पर दहेज की मांग को लेकर मारपीट करने के साथ ही अन्य गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस की तरफ से मामले में जांच करते हुए मामला दर्ज किया गया है। पीड़िता का कहना है कि उसकी शादी लामपुर, दिल्ली के युवक संदीप से उसके माता-पिता ने काफी धूमधाम से की थी। शादी के बाद कुछ दिनों तक तो ससुराल पक्ष ठीक रहा, लेकिन इसके बाद उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। विवाहिता का आरोप है कि कई बार उसे मारपीट कर मायके भेज दिया गया और जब उसके पिता ने ससुराल पक्ष की डिमांड पूरी की तब ही वह उसे लेकर गए। लेकिन कुछ दिनों बाद फिर से उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। विवाहिता की तरफ से अन्य भी गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायत दी गई। मामले में पुलिस ने जांच करते हुए विवाहिता के पति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

**ग्राम पंचायत रिवाड़ा**
खण्ड व तहसील गोहाना,
जिला सोनीपत (हरियाणा)
मो. नंबर : 98137-56249,
98022-00278

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रिवाड़ा द्वारा 9 मई 2024 को पुराने पंचायत घर व राजकीय कन्या पाठशाला के कंडम सामान की बोली करवाई जाएगी। कंडम सामान में पुरानी ईंटें, कड़ियां, दरवाजे और चौखट शामिल हैं। बोली गांव के पुराना पाना की चौपाल में प्रातः 9 बजे करवाई जाएगी। इच्छुक बोलीदाता बोली कार्यक्रम में समय पर पहुंचकर भाग ले सकते हैं। बोली के नियम व शर्तें मौके पर बताई जाएंगी।

हस्ता/-सरपंच
ग्राम पंचायत रिवाड़ा
तहसील गोहाना, (सोनीपत)

## खबर संक्षेप

### राजकिशन अगवानपुरिया की 30वीं 12 को

**गन्नौर।** लोक गायक राजकिशन अगवानपुरिया की 30वीं पुण्यतिथि पर विशाल रागनी कार्यक्रम का आयोजन 12 मई को अगवानपुर गांव के मुख्य पार्क में किया जाएगा। जानकारी देते हुए स्व. राजकिशन अगवानपुरिया के सुपुत्र दीपक अगवानपुरिया ने बताया कि कार्यक्रम में मन्नत ग्रुप के चेयरमैन समाजसेवी देवेंद्र कादियान, समाजसेवी परमिंद्र शर्मा व गुड़गांव से समाजसेवी नितिन त्यागी बतौर मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। जबकि हरियाणवी गायक मासूम शर्मा, गोल्डी यूपी, विकास कुमार, नरेंद्र कौशिक समचाना वाले व विष्णू दत्त शर्मा विशिष्टातिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में कई गायक व कलाकार भी शिरकत करेंगे।

### सिटी सब डिविजन में वार्षिक हवन और भंडारा स्थगित

**गोहाना।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के गोहाना सिटी सब डिवीजन में मंगलवार को आयोजित होने वाले वार्षिक हवन और भंडारे को स्थगित कर दिया है। यह स्थगत गोहाना डिवीजन के पूर्व एक्सईएन की सोमवार को हुई आकस्मिक मृत्यु के शोक में स्थगित किया गया है। हवन और भंडारे के संयोजक सुरेश यादव, जो सर्व कर्मचारी संघ की गोहाना इकाई के सचिव हैं, के अनुसार बिजली कर्मचारी सिटी सबडिवीजन में हर साल मई के महीने में कार्यालय की शांति और समृद्धि के लिए वार्षिक हवन और भंडारा आयोजित करते हैं। इस बार यह आयोजन सिटी सब डिवीजन के एसडीओ विकास सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में होना था।

### शिविर में 46 नागरिकों ने बटोरा रक्तदान का पुण्य

**गोहाना।** सोमवार को भागराम ट्रस्ट के साप्ताहिक रक्तदान शिविर में 46 नागरिकों ने रक्तदान का पुण्य बटोरा। यह रक्तदान शिविर में शहर में सोनीपत टी प्वाइंट पर स्थित भगवान परशुराम चौक में आयोजित किया गया। शिविर के मुख्यातिथि डॉ. प्रिंस जुनेजा रहे। अध्यक्षता उषा गगनेजा ने की और संयोजन नेत्रदान व रक्तदान को समर्पित गोहाना की प्रसिद्ध समाजसेवी संस्था आहुति के संयोजक सुरेंद्र विश्वास का रहा। रक्तदान शिविर में विशेष रक्तदाताओं में दंपति ऋषिपाल व नान्ही के अलावा हरियाणा पुलिस से सुखबीर मलिक, राजेश मलिक और सरपंच विजय खासा ने रक्तदान किया।

### जिले में 9 स्कूलों को दिया जा चुका है पीएम श्री का दर्जा

# पीएमश्री में जारी किया जाएगा बजट, बढ़ाई जाएंगी सुविधाएं

**हर स्कूल में विद्यार्थियों की संख्या के हिसाब से तय होगी बजट की रकम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

शिक्षा विभाग राजकीय स्कूलों में विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए भरसक प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में जिले में चल रहे नौ पीएमश्री स्कूलों में शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा सकें, इसके लिए बजट जारी किया जाएगा।

विशेष बात यह है कि यह बजट स्कूल में विद्यार्थी संख्या के अनुसार जारी किया जाएगा। जिसको लेकर हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद की तरफ से गाइडलाइन भी जारी की गई हैं।

बता दें कि जिले के नौ स्कूलों को पीएमश्री स्कूलों का दर्जा दिया गया है। जिनमें विद्यार्थियों की संख्या के अनुसार ही ग्रांट जारी की जाएगी। जिसे अलग-अलग मदों में खर्च किया जाएगा। शिक्षा अधिकारियों का कहना है कि पीएमश्री स्कूलों की तरफ विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्कूल के सुंदरीकरण, विभिन्न विषयों की लैब, पौधरोपण, शौचालयों व पेयजल व्यवस्था दुरुस्त की जा रही है।

#### इन निर्देशों का करना होगा पालन

- खरीदे गए सामान का रिकॉर्ड स्टॉक रजिस्टर में दर्ज किया जाए।
- सभी स्कूल सितंबर माह तक 75 फीसदी व दिसंबर तक पूर्ण ग्रांट खर्च कर लें।
- स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) की मासिक बैठक में सहमति से खर्च पर निर्णय लिया जाए। बैठक की कार्यवाही रजिस्टर में दर्ज कर सदस्यों के हस्ताक्षर करवाए जाएं।
- जहां लघु मरम्मत का कार्य किया जाना है वहां कार्य से पहले व बाद में हुए परिवर्तन के कुछ फोटो रिकार्ड में रखें।
- एसएमसी की अगली बैठक में अनुदान के उपयोग करने के फैसले की समीक्षा के लिए एजेंडा होना चाहिए।
- एसएमसी को सुनिश्चित करेंगे कि शौचालयों की सफाई, रख-रखाव व पेयजल सुविधा दी जा रही है या नहीं।
- किसी स्कूल में बच्चों के उपयोग हेतु शौचालय नहीं है तो स्कूल ग्रांट से निर्माण करवाया जाए।
- खरीदी जाने वाली सभी वस्तुओं को स्टॉक रजिस्टर में दर्ज किया जाए, अलग से वाउचर भी बनाना होगा।
- स्कूल में किए कार्य व खर्च राशि का ब्योरा स्कूल सूचना पटल पर लिखा जाना चाहिए।

#### अलग-अलग मदों में होगा खर्च

**1. स्वच्छता कार्य योजना:** स्वच्छ भारत अभियान व स्वच्छता कार्य योजना में सभी विद्यालयों में शौचालयों के रख-रखाव, कूड़ा प्रबंधन, शुद्ध पेयजल व्यवस्था व स्वास्थ्य रक्षा सम्मिलत हैं।

साबुन से हाथ धोना व स्वच्छता को लेकर व्यवहार में परिवर्तन के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित करवाई जाएंगी। स्कूल अनुदान में 10 फीसदी भाग स्वच्छता कार्य योजना के लिए खर्च किया जाएगा।

**2. शिक्षण सहायक सामग्री:** प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च व वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के लिए सभी विषयों के लिए जरूरी सामान व शिक्षण सामग्री की खरीद की जानी है। जिस पर ग्रांट का विषया अनुसार करीब 10 से 20 फीसदी खर्च किया जाना है। इसके लिए तीन सदस्यीय कमेटी बनाई जाएगी। जिसमें स्कूल मुखिया व संबंधित विषयों के प्राध्यापक व अध्यापक शामिल होंगे।

**3. अन्य कार्यों पर खर्च:** स्कूल ग्रांट का 70 फीसदी भाग अन्य कायारें पर खर्च किया जाएगा। जिसमें गैर क्रियाशील उपकरणों की मरम्मत या प्रतिस्थापना, स्कूल की उपभोज्य वस्तुओं, कार्यालय के लिए स्टेशनरी, पानी, बिजली, इंटरनेट के बिलों के भुगतान, स्कूल प्रांगण, भवन, छत, शौचालयों, पौधरोपण व चहारदीवारी के रख-रखाव एवं मरम्मत पर खर्च किया जाएगा। वहीं स्कूल में मुख्य वार्षिक दिवसों, सांस्कृतिक कार्यकमों व वार्षिक खेलों का आयोजन भी करवाया जाएगा।

#### ऐसे होगा बजट का आवंटन

| विद्यार्थी संख्या | बजट |
| --- | --- |
| 101 से 250 | 75 हजार रुपये |
| 251 से 1000 | एक लाख रुपये |
| 1000 से अधिक | 1.50 लाख रुपये |

#### पीएमश्री स्कूल बढ़े

जिले में पीएमश्री स्कूलों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है। इन स्कूलों में शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद की तरफ से अलग से ग्रांट जारी की जाती है। जिसे अलग-अलग मदों में खर्च किया जाता है। इसको लेकर गाइडलाइन भी जारी की गई हैं।
**-नवीन गुलिया, जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत**

# उड़ान वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया

- उप महानिरीक्षक कोमल सिंह ने मुख्यातिथि और सीमा सिंह ने की बतौर विशिष्ठ अतिथि शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राई


राई। उड़ान वार्षिकोत्सव में उपस्थित मुख्याअतिथि व अभिभावक।

शनिवार को केन्द्रीय विद्यालय जीसी सीआरपीएफ सोनीपत का उड़ान वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। समारोह में बतौर मुख्यातिथि उप महानिरीक्षक कोमल सिंह और सम्मानित अतिथि सीमा सिंह, डीआईजी मेडिकल कोर सुषमा शर्मा एवं विशेष आमंत्रित अतिथि परमाल सिंह, कमांडेंट जीसी सीआरपीएफ सोनीपत व शीला रानी, एडवोकेट गुलशाद अली चौहान, एडवोकेट मोनू सरोहा, कमांडेंट डा. विवेक कुमार, कमांडेंट डॉक्टर मनमीत बरार, डीसी वेद पाल, डीसी एडमिनिस्ट्रेशन सुनील डोबरियाल, असिस्टेंट कमांडेंट दया किशन व रीमा ने शिरकत की। विद्यालय के प्राचार्य विजेश कुमार ने मुख्य अतिथियों के सहयोग से दीप प्रज्वलित एवं मां सरस्वती वंदना करके किया। प्राचार्य विजेश कुमार ने अतिथियों को विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई पेंटिंग एवं हरित पौधे देकर स्वागत किया। मंच संचालन शैली मड़िया एवं हरिदर्शन के मार्गदर्शन में कक्षा-9वीं की छात्रा हर्षिता दूहन, 10वीं की छात्रा खुशी, 8वीं की छात्रा हर्षिता, 7वीं का छात्र वेदांश कुमार की अहम भूमिका रही। सभी गीतों एवं नृत्य में संगीत शिक्षिका सुमन बाला, प्राथमिक शिक्षिका सपना व रंजना रानी का सहयोग सराहनीय रहा।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपित अदालत में पेश

**सोनीपत।** सदर थाना पुलिस ने नाबालिग लड़की का अपहरण कर दुष्कर्म करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अंशुल उर्फ भोला निवासी लाखनमाजरा रोहतक का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। एक व्यक्ति ने गत 4 मई को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उकसी नाबालिग बेटी सुबह 9.30 बजे घर से निकली थी। देर रात तक वापिस नहीं आई। अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। किसी ने उसकी बेटी का अपहरण कर लिया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्यवाही करते हुए पुलिस ने लड़की को बरामद कर लिया।


सोनीपत। जनसंपर्क अभियान के दौरान भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली एवं अन्य।

# देश विकास के पथ पर अग्रसर: बड़ौली

- भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली ने जींद विधानसभा में चलाया जनसंपर्क अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली ने सोमवार को जींद विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाते हुए कंडेला में खेड़े वाली चौपाल, दरिया वाला सामान्य चौपाल, जीतगढ़, ब्राह्मण धर्मशाला, ढांडा खेड़ी सामान्य चौपाल, रूपगढ़ चबूतरा खाप, जाजवान सामान्य चौपाल, केरखेड़ी सामान्य चौपाल, इंटल खुर्द सामान्य चौपाल, अहिरका सामान्य चौपाल, इंटल कलां सामान्य चौपाल, ढालमवाला सामान्य बीच वाली चौपाल, इक्कास ओबीसी चौपाल, बोहतवाला स्थान सामान्य चौपाल, न्यू एम्प्लॉयज कालोनी, चुनाव कार्यालय जींद व राम कालोनी वार्ड 23 का दौरा किया। यहां पर लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी ने नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने की अपील करते हुए चुनाव में बढ़-चढ़कर मतदान करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई ऐतिहासिक निर्णय लिए, जिससे देश विकास के पथ पर अग्रसर हुआ।

# कार ट्राले से टकराई, एक की मौत, चार घायल

- पुलिस ने परिजनों के बयान पर ट्राला चालक के खिलाफ मुकदमा किया दर्ज
- दिल्ली पुलिस शव का करवायेगी पोस्टमार्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

कुंडली थाना क्षेत्र के गांव प्रीतमपुरा के पास आगे चल रहे ट्राला चालक के अचानक ब्रेक लगाने से पीछे चल रही कार उसमें टकरा गई। हादसे में कार सवार युवक की मौत हो गई और उनके चार साथी घायल हो गए। पांचों एसी मैकेनिक दिल्ली से कार में सवार होकर मुरथल स्थित ढाबा पर खाना खाने आ रहे थे। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां से एक ही हालत गंभीर होने के चलते पीजीआई रेफर कर दिया। जहां से परिजन दिल्ली के अस्पताल में ले गए। जहां भारत नाम के युवक की मौत हो गई। दिल्ली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

गांव खानपुर दिल्ली निवासी शहजाद ने बताया कि रात को वह अपने साथियों के साथ कार में सवार होकर मुरथल ढाबे पर खाना खाने आ रहे थे। उनके साथ दिल्ली कैंट के नांगला राया निवासी उमेश, संगम विहार निवासी फिरोज, दिल्ली के सागर ईस्ट सी-32 निवासी भारत व दिल्ली के नजफगढ़ निवासी कैलाश थे। देर रात करीब ढाई बजे जब वह प्रीतमपुर के पास पहुंचे तो उनके आगे एक ट्राला चल रहा था। ट्राला चालक ने अचानक से ब्रेक लगा दिए। जिससे उनकी कार आगे ट्राला में टकरा गई। हादसे में पांचों साथी घायल हो गए। राहगीरों ने उन्हें एंबुलेंस में नागरिक अस्पताल सोनीपत पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। जिस पर परिजन रोहतक की बजाय उन्हें दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में ले आए।

#### एसी मैकेनिक थे पांचों साथी

हादसे का शिकार हुए भारत व घायल शहजाद, कैलाश, उमेश व फिरोज सभी साथी है। वह एसी के मैकेनिक है। रात को भी उन्होंने एसी ठीक करने गए थे। उसके बाद दिल्ली से उनका मुरथल खाना खाने आने का कार्यक्रम बन गया। सभी कैलाश की कार में आ रहे थे।

#### उपचार के दौरान एक की मौत

सड़क हादसे की सूचना मिली है। हादसे में मुरथल खाना-खाने आ रहे पांच दोस्त हादसे का शिकार हो गए। हादसे में दिल्ली में उपचार के दौरान एक मौत हो गई। जबकि चार का उपचार करवाया जा रहा है। ट्राला चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जल्द से जल्द आरोपित ट्राला चालक को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।
**-एसआई उदय सिंह, जांच अधिकारी।**

# छात्रों को आग से बचाव के दिए टिप्स

- छात्रों को आग लगने पर बचाव व काबू पाने के प्रति जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर


गन्नौर। आग लगने के बाद काबू पाने के तरीके के बारे में छात्रों को जागरूक करते हुए।

गर्मी के दिन में आग लगने की घटनाएं दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। जिसकी वजह से जान एवं माल दोनों की आदि क्षति हो रही है। अग्नि सुरक्षा जागरूकता के अंतर्गत छात्रों व स्टाफ को आग लगने के कारण एवं इससे बचाव की जानकारी के लिए चाईल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल शेखपुरा के छात्रों को फायर सुरक्षा के प्रति जागरूक विभिन्न माध्यमों से जागरूक किया। फायर इंजीनियर मोहित ने विद्यार्थियों को आग लगने के कारण एवं इससे बचने के विभिन्न उपाय बताए। उन्होंने बताया कि आग लगने के प्रमुख कारणों में हम किसानों की लापरवाही एवं बिजली की शॉट सर्किट ही ज्यादा होते हैं। गांव में खेतों के आसपास खाना बनाने एवं धूमपान करके जलती हुई सिगरेट या बीडी इधर-उधर फेंक देने से भी खेतों मे आग लग सकती है। आग से बचाव के लिए सभी को जागरूक रहना चाहिए। खेतों के आस-पास ना ही खाना बनाना चाहिए और ना ही धूमपान करना चाहिए। बिजली के जर्जर तारों को बदल देना चाहिए। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या अक्षीता आहुजा, आहूजा, पी टी आई सुरेंद्र आदि मौजूद थे।

### नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने का आरोपित पकड़ा

**सोनीपत।** शहर थाना सोनीपत पुलिस ने नाबालिग लड़की का अपहरण कर दुष्कर्म करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अभिषेक उर्फ कालू निवासी श्याम नगर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक महिला ने गत 2 मई को पुलिस से शिकायत देकर बताय कि उसकी नाबालिग लड़की रात करीब 8 बजे खेत में खेल रही थी। कुछ देर बाद उसकी बेटी गली में नहीं मिली। किसी ने उसकी बेटी का अपहरण कर लिया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक प्रविंद्र की टीम ने मामले में कार्यवाही करते हुए बच्ची को बरामद कर लिया था। बच्ची की मेडिकल जांच करवाने के बाद कोर्ट में बयान दर्ज करवाएं। पुलिस टीम ने आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

# ट्रांसपोर्टर की गोली मारकर हत्या के मामले में शामिल आरोपित गिरफ्तार

- पुलिस ने वारदात में शामिल दो आरोपितों को पहले किया था गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

- आरोपित को अदालत में किया पेश, न्यायिक हिरासत में जेल भेजा

कुंडली थाना पुलिस ने ट्रांसपोर्टर की गोली मारकर हत्या करने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित आशीष निवासी सबौली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस ने वारदात में शामिल दो आरोपितों को पहले गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

गांव सबौली निवासी हरीश ने 22 अप्रैल को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसका चाचा अमरजीत उर्फ मोनू (38) ट्रांसपोर्ट का काम करते था। वह रविवार रात को अपने चाचा के साथ स्कूटी पर सवार होकर खाना लेने दिल्ली के नरेला होटल पर जा रहे थे। जब वह सबौली-नरेला रोड पर गांव की फिरनी में पहुंचे तो इसी दौरान वहां कार खड़ी मिली। सडक किनारे खड़ी कार में गांव का गोलू व आशीष उर्फ बाली, झज्जर के गांव लडरावण का मुकेश उर्फ सीटू तथा सीटू का दोस्त बैठे थे। जब वह उनकी कार के पास से गुजरने लगे तो गोलू ने आवाज देकर उन्हें रुकवा लिया। गोलू भी उनके चाचा अमरजीत की तरह ट्रांसपोर्ट का काम करता है। गोलू ने उन्हें रोकते ही उनके चाचा को कहा कि तू मेरे काम में ज्यादा दखल अंदाजी करता है। मैंने तुझे पहले भी समझाया था, तू अकेला ट्रांसपोर्टर बनना चाहता है। जिसके बाद कार में बैठे चारों युवक उनके साथ गाली-गलौज करने लगे। साथ ही उन्हें धमकी देने लगे। हरीश का कहना है कि वह अपने चाचा को वहां से लेकर वापस मुड़कर जाने लगे।

### कई वाहनों को मारी टक्कर, विरोध करने पर स्कूटी सवार को पिटा

**सोनीपत।** छोटी मस्जिद रोड पर कार सवार ने कई वाहनों में टक्कर मार दी। साथ ही विरोध पर स्कूटी सवार की पिटाई कर दी। कार चालक के साथ आया युवक धारदार हथियार हवा में लहरा कर धमकी देता रहा। मामले की सूचना पुलिस तक भी पहुंची। साथ ही घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गया। गीता भवन चौक से शनि मंदिर की ओर जाने वाले रोड पर छोटी मस्जिद के पास रविवार देर रात कार ने वहां खड़े कई वाहनों को टक्कर मार दी। ढाबे पर सब्जी लेने आए टेलर रमेश की स्कूटी को भी कार ने टक्कर मार दी। जिस पर उन्होंने विरोध किया तो आसपास के लोग भी मौके पर आ गए।

# गृह विज्ञान कुशलता में छात्रों ने दिखाया कौशल


गोहाना। पाक कला प्रतियोगिता में पकवान प्रदर्शित करते हुए विद्यार्थी।

**गोहाना।** शहर में गुढ़ा रोड स्थित जेकेआर पब्लिक स्कूल गोहाना में बिना ऊर्जा स्रोत के भोजन बनाने की प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में कक्षा छठी से लेकर कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। विद्यार्थियों ने प्रतियोगता में लजीज पकवान व पेय पदार्थ तैयार करके अपनी पाक कला व कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में केक, सलाद, शेक, नमकीन, दही बल्ले, सैंडविच और बर्गर बनाकर अपनी पाक कला का शानदार प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता दो वर्गों में आयोजित की गई। जूनियर वर्ग से अंशु प्रथम, मयंक द्वितीय और योगेश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग से 12वीं कक्षा से अनुज प्रथम, कक्षा 9वीं से हर्षिका द्वितीय और कोमल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को स्कूल के एमडी राजवीर राठी, उप प्रबंधक उत्तम राठी व प्रधानाचार्य ने सम्मानित किया। एमडी राजबीर राठी ने कहा कि पाक कला में कॅरियर निर्माण की अच्छी संभावनाएं हैं।

### प्रत्येक समूह में 40-40 अध्यापक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे

# अध्यापकों के तीसरे व चौथे समूह का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

- प्रशिक्षण में पहली से पांचवीं कक्षा को पढ़ाने वाले अध्यापक सम्मिलित रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा


खरखौदा। शिक्षकों को संबोधित करते खंड शिक्षा अधिकारी सुजाता खत्री

सोमवार को खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय खरखौदा में निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत फाऊंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमैरेसी पर सभी प्राथमिक अध्यापकों के लिए कक्षा चौथी व पांचवीं तक चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तीसरे और चौथे समूह का शुभारम्भ किया गया। प्रत्येक समूह में 40 - 40 अध्यापक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। 80 अध्यापकों का प्रशिक्षण पहले व दूसरे समूह में किया जा चुका है। प्रशिक्षण में पहली से पांचवीं कक्षा को पढ़ाने वाले अध्यापक सम्मिलित रहेंगे। खंड शिक्षा अधिकारी सुजाता खत्री ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरूआत की।

खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रशिक्षण में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जब अध्यापक यहाँ पर खुले मन से सीख कर जाएंगे तो ही अपने कक्षा-कक्ष में बच्चों को भी अच्छी तरह से सिखा पाएँगे। यहां प्रशिक्षण के दौरान सभी एक-दूसरे के साथ मिलकर नई-नई जानकारियों का ज्ञान बढ़ाकर एक-दूसरे से सीखें और सिखाएँ। किरण डारोलिया, कविता, सविता, स्नेहलता व संजीव रावल बतौर रिसोर्स पर्सन की भूमिका निभाते हुए हिंदी ,गणित और अंग्रेजी विषयों की जानकारी अध्यापकों के साथ साझा करेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अध्यापकों को आधारभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के अंतर्गत हिंदी, गणित व अंग्रेजी विषय के बारे में विभिन्न रणनीतियों के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाएगा। विद्यार्थियों की बुनियाद मजबूत करने के उद्देश्य से निपुण भारत कार्यक्रम शुरू किया गया था। शुरू में इस कार्यक्रम के अंतर्गत पहली से तीसरी कक्षा को शामिल किया गया था। जबकि अब कक्षा चौथी व पाँचवीं को भी इसमें शामिल कर लिया गया है। खेल-खेल में सीखना, स्वयं करके सीखना, गतिविधियों के माध्यम से पढ़ने-पढ़ाने के नए तौर-तरीकों से शिक्षकों को परिचित कराया जा रहा है। प्रतिभागियों के साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति की रूपरेखा-फाऊंडेशनल स्टेज और विद्यालयी शिक्षा जैसे विषयों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के सुचारु रूप से संचालन में डॉ नवीन कुमार, सचिन बत्रा, राजेश कुमार, सतपाल, नीना, कविता, हरिओम, सुमन, डॉ निशा, रीना, सीमा, मनीष आदि का विशेष सहयोग रहा।